आकाशवाणी श्री विजयपुरम

09.10.2024 समय : 1850

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशभर में पारंपरिक औषधियों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद क्षेत्र में उद्यमों की स्थापना के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया है।
- नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चौदह से सत्ताईस नवम्बर तक आयोजित होने वाले भारत–अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में इस वर्ष भी अंडमान निकोबार प्रशासन भाग लेगा।
- दुर्गा पूजा के अवसर पर द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम शुरू हो गए हैं।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए एक छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है।
- सरकारी कार्यालयों की साफ सफाई और बचे हुए कूड़े–कचरे के निपटान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशभर में पारंपरिक औषधियों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद क्षेत्र में उद्यमों की स्थापना के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के आठवें स्थापना दिवस समारोह के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि कुछ लोग भ्रामक विज्ञापनों और नकली दवाओं को बढ़ावा देकर दूसरों को धोखा देते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में योग्य आयुर्वेदिक डॉक्टरों की जरूरत है, ताकि लोगों को अयोग्य चिकित्सकों से परामर्श न लेना पड़े। कुछ लोग भोली भाली जनता का नुकसान करते हैं। भ्रामक प्रचार और झूठे दावा करते हैं। ये लोग न केवल जनता के पैसे और स्वास्थ्य का नुकसान करते हैं, बल्कि आयुर्वेद को भी बदनाम करते हैं। ऐसे लोगों को प्रति कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि आयुर्वेदिक कॉलेजों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है।

<><><><><><>

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चौदह से सत्ताईस नवम्बर तक आयोजित होने वाले भारत–अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में इस वर्ष भी अंडमान निकोबार प्रशासन भाग लेगा। इस वर्ष का विषय विकसित भारत एट 2047 रखा गया है। इस सिलसिले में उद्यम पंजीकरण प्राप्त इच्छुक स्थानीय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमी और हस्तशिल्प इकाईयां अपना आवेदन भेज सकते हैं। आवेदन के साथ उद्यम पंजीकरण की प्रतिलिपि, उत्पाद की विस्तृत सूची और सेवाएं तथा अंडमान निकोबार पवेलियन में बिक्री या प्रदर्शन के लिए रखे जाने वाले नमूनों की मात्रा और प्रस्तावित मूल्य के साथ पता तथा फोन नम्बर जमा करना होगा। पूर्ण रूप से भरे गए फार्म सोलह अक्तूबर तक उद्योग निदेशालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने घोषणा की है कि भारत इस वर्ष ट्रेकोमा को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने में सफल रहा है। इसके साथ ही भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र का तीसरा देश बन गया है। डब्ल्यूएचओ ने कल नई दिल्ली में अपनी क्षेत्रीय समिति की बैठक के दौरान भारत की इस उपलब्धि को आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया। ट्रेकोमा एक जीवाणु संक्रामक रोग है, जो आंखों को प्रभावित करता है और संक्रमित व्यक्ति की आंख, पलकों, नाक या गले के स्राव के माध्यम से फैलता है।

<><><><><><><>

दुर्गा पूजा के अवसर पर द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। मंत्रोच्चारण के साथ पूजा की शुरूआत हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। पंडालों में मां दुर्गा और अन्य देवी–देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई है और प्रतिदिन सभी स्थानों पर प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। कई पूजा समितियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। अतुल स्मृति समिति अपनी स्थापना का अस्सीवां वर्ष मना रहा है। इस सिलसिले में बंगाली क्लब में भी प्रतिदिन शाम छः बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। मां कनाका दुर्गा समिति डॉलीगंज में ग्यारह अक्तूबर को कुमकुम पूजा और तेरह अक्तूबर को दिन में ग्यारह बजे से अन्न प्रसादम की व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए एक छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। योजना के तहत भारत में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी या एआईसीटीई–मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय या कॉलेज में अर्थशास्त्र या वित्त विषय पढ़ाने वाले पूर्णकालिक संकाय सदस्य अल्पकालिक शोध के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। छात्रवृत्ति के लिए शोध में शामिल क्षेत्र मौद्रिक और वित्तीय अर्थशास्त्र, बैंकिंग, वास्तविक क्षेत्र के मुद्दे तथा आरबीआई के हित के अन्य विषय पर आधारित हैं। इस योजना का उद्देश्य आरबीआई के भीतर विभिन्न परिचालन क्षेत्रों का अनुभव प्रदान करते हुए संकाय और छात्रों के बीच आरबीआई की गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पांच नवम्बर है। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र और अधिक विवरण आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

<><><><><><><>

कलस्टर संसाधन केन्द्र सीतानगर में कल बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्‌घाटन करते हुए अधिशासी अभियंता मनु थॉमस ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की सराहना की। उन्होंने बच्चों से विज्ञान में रूचि बनाए रखते हुए समाज के हित में उपयोगी अन्वेषण के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने को कहा। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्या बलबीर सिंह ने इस प्रदर्शनी के उद्‌देश्य पर प्रकाश डाला।

उधर, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मोहनपुरा में हाल ही में सी आर सी स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उप–शिक्षा अधिकारी ज्ञानशील दुबे ने इसका उद्‌घाटन किया। स्कूल की प्रधानाचार्या एस भवानी ने बच्चों से इसी तरह मन लगाकर काम करने को कहा।

इस बीच, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भातुबस्ती में शिल्पकला और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा ने इसका उद्‌घाटन किया।

<><><><><><><>

सरकारी कार्यालयों की साफ सफाई और बचे हुए कूड़े–कचरे के निपटान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासनिक सुधार और प्रशिक्षण शाखा की ओर से ऐसे बीस क्षेत्र और कार्यालयों की पहचान की गई है, जहां इक्कतीस अक्तूबर तक यह विशेष अभियान चलेगा। अभियान के तहत दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय और सूचना प्रचार तथा पर्यटन निदेशालय और इनके कर्मियों ने बड़े पैमाने पर सफाई अभियान को अंजाम दिया।

<><><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने सेकेण्डरी स्कूल शोल बे नम्बर बारह में शिक्षकों की कमी के संबंध में मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने शिक्षकों की असमय तबादला होने और समय पर शिक्षकों की नियुक्ति न होने से बच्चों की पढ़ाई पर इसका असर पड़ने का भी उल्लेख किया है।

<><><><><><><>

एटीएम चुराने और इससे नगदी निकालने के आरोप में साइबर अपराध पुलिस स्टेशन की टीम ने टेम्पल मेयो के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पिछले महीने गाराचरमा के एक निवासी ने ए टी एम घूमने और इससे करीब अड़तीस हजार रूपये निकाले जाने के संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साइबर अपराध पुलिस के इंस्पेक्टर साहिल समसुद्दीन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बैंकों के सहयोग से संदिग्ध दीपेश चौकीदार और चंचल मिस्त्री को गिरफ्तार किया। पूछताछ में इन्होंने अपना जुर्म कुबूल किया।

उधर, कालीघाट पुलिस ने एक घंटे के भीतर ही चोरी के एक मामले को सुलझाया है। कालीघाट थाना प्रभारी अशोक कुमार बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कालीघाट के एक निवासी के घर से बड़ी मात्रा में सुपारी चुराए जाने के मामले में रॉनी बिश्वास नामक नबाग्राम के युवक को कदमतला पुलिस टीम की सहायता से धर–दबोचा।

<><><><><><><>

अनिडको की ओर से शादीपुर जंक्शन के पास एक और मिल्क पार्लर खोला गया है। इसके खुल जाने से क्षेत्र के लोगों को दूध और इससे बने उत्पाद आसानी से उपलब्ध होंगे।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में राज्य मिशन समन्वयक, लिंग विशेषज्ञ, लेखा सहायक, कार्यालय सहायक जैसे विभिन्न पदों के लिए आयोजित साक्षात्कार में शामिल उम्मीदवारों की वरीयता सूची समाज कल्याण विभाग के सूचना पट्ट पर दर्शा दिया गया है।

<><><><><><><>